दो ऑक्सीजन प्लांट को 23.36 करोड़ की सब्सिडी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ऑक्सीजन उत्पादन प्रोत्साहन नीति-2021 के अंतर्गत प्रदेश की दो ऑक्सीजन इकाइयों को कुल 23.36 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई है।

कोविड महामारी के दौरान ऑक्सीजन की आपूर्ति में गंभीर संकट को देखते हुए इस क्षेत्र में

कोविड के दौरान ऑक्सीजन संकट को देखते हुए निवेश बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन नीति

निवेश बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन नीति 16 मई 2021 को पेश की गई थी।

इसके अंतर्गत आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड ने रायबरेली और एयर लिक्विड नॉर्थ ने मथुरा में मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया। नीति में मुख्य रूप से कैपिटल सब्सिडी और स्टांप ड्यूटी की प्रतिपूर्ति का प्रावधान था।

दोनों कंपनियों ने नोडल एजेंसी पिकप में प्रोत्साहन राशि का दावा किया था। कंपनियों के दावे क्रमशः 9.16 करोड़ और 14.20 करोड़ रुपये की सब्सिडी का अनुमोदन मंत्रिपरिषद ने कर दिया।

ओप्पो मोबाइल्स को 120 करोड़ रुपये का अनुदान

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा में स्मार्ट फोन निर्माण की इकाई स्थापित करने के लिए ओप्पो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 120 करोड़ रुपये की अनुदान या आर्थिक मदद (सब्सिडी) की मंजूरी दी गई है।

ओप्पो ने 2000 करोड़ के अनुमानित निवेश प्रस्ताव पर यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति-2014 के अंतर्गत विशेष प्रोत्साहन की मांग की थी। 28 नवंबर 2016 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निवेश पर प्रस्ताव तैयार किया गया था। 22 दिसंबर 2016 को ओप्पो को कैपिटल सब्सिडी, स्टांप ड्यूटी, केंद्रीय बिक्री कर प्रतिपूर्ति, विद्युत शुल्क और ईएसआई और भविष्यनिधि की मद में सब्सिडी देने का फैसला लिया गया था। 1058 करोड़ के निवेश के सापेक्ष कुल निवेश 801 करोड़ रुपये पाया गया। जिस पर 120.23 करोड़ सब्सिडी की संस्तुति की गई। इस प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूर कर लिया। ब्यूरो

हायर को 124 करोड़ सब्सिडी

कैबिनेट बाय सर्कुलेशन में हायर एप्लायंसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 124 करोड़ रुपये सब्सिडी की मंजूरी दे दी गई। कंपनी ने करीब 134 करोड़ रुपये सब्सिडी का दावा किया था। निवेशक ने ग्रेटर नोएडा में फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन आदि के उत्पादन के लिए तीन चरणों में 2804 करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव दिया था।